आजादी के पूर्व हिंदी ने भारतीय नवजागरण की चेतना को मुख्य रूप से वहन किया और आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण की प्रेणना श्रोत भी बनी। साहित्य और ज्ञान के क्षेत्रों में हिंदी में नए और मौलिक काम हुए। कई महत्वाकांक्षा भी रही थी कि देश को अपनी भाषा में आगे बढ़ाना ,इस क्षेत्र में रोजगार सृजन करना आमजन को इस धारा में शामिल करना । मगर आज हिंदी भाषा में भविष्य की बात करे तो ये अर्थशास्त्र के मांग और आपूर्ति नियम के बिलकुल विपरीत हमारे सामने आकर खड़ी हो रही है और उन तमाम प्रतिष्ठित वाक्यों के ऊपर ही सवाल उठा रहा है, हिंदी माथे की बिंदी , हिंदी से है हिंदुस्तान हमारा, और न जाने क्या क्या ,हर देश की पहचान ही उसकी भाषा से होती है। दुख की बात ये है कि रोजगार और भविष्य उस वक्त और श्रोता की तरह है जिसे सुनने तो बहुत लोग आए हुए है लेकिन वक्ता की संख्या मात्र एक तक ही सीमित रह गई है। बहुत दुखद और हताश करने की बात है कि पाश्चात्य संस्कृति की दौड़ में हिंदी भाषा और हमारी संस्कृति अपने ही घर में एक आगंतुक की तरह पहचानी जा रही है । वक्त सिलसिलेवार तरीके से आगे बड़ता जा रहा है और लिपिया आखों से ओझिल हो रहीं है। लेखन के स्वरूप में इतना अंतर आ गया है कि अक्षरों को पहचानना भी दुर्लभ हो गया है । अगर आज की वैश्वीकृत दुनिया में आगे बढ़ना है तो वह अंग्रेजी के रास्ते ही संभव है ।हालांकि ,हिंदी विषय की पढ़ाई दुनिया में नई–नई जगहों में शुरू हो रही है, लेकिन स्वयं अपने देश के शिक्षण संस्थानों में वह सिकुड़ती जा रही है, देखा जाए तो हिंदी माध्यम के स्कूल, कॉलेज या तो उपेक्षा से बंद हो रहे हैं या विवशता में अंग्रेजी माध्यम अपना रहे हैं। नई पीढ़ी को हिंदी या अन्य भारतीय भाषाओं को लेकर किसी प्रकार का गर्व या विश्वास नहीं है। वह जैसे भी हो, अंग्रेजी को अपना रही है ताकि आज की प्रगति और विकास की दौड़ में शामिल हो सके और इसका खामियाजा परोक्ष रूप से हमारे सामने है । कहा ही जा रहा है कि हिन्दी धीरे धीरे हिंग्लिश मे हिंदी तब्दील होती जा रही है। सवाल उठता है फिर हिंदी कहाँ है ? मुझे जहाँ तक लगता है, अगर देखा जाए तो हिंदी में सामर्थ्य और संभावना है लेकिन लोगो में इसे अपनाने का उत्साहा ही नही है,जिसके कारण हिंदी हो या भविष्य दोनों अपने ही केंद्र में सीमित हो गए है।

चंद्रप्रकाश, हिंदी (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष,
रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

दिल्ली विश्वविद्यालय के गौरवशाली १०० वर्ष

रायसीना हिल्स के उत्तर में स्थित एक ज्ञान का मंदिर जिसकी स्थापना केंद्रीय विधान सभा के एक अधिनियम द्वारा 1 मई 1922 को की गई थीं। 3 कॉलेज और लगभग 750 छात्रों से शुरु की गई शिक्षा की मुहिम आज लगभग 91 कॉलेज के लाखों छात्रों को एक साथ शिक्षित करती हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के पहले कुलपति हरी सिंह गौर के दिखाए पथ पर आगे बढ़ते हुए 100 साल पूर्ण हों गए हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय "निष्ठा धृति सत्यम (समर्पण, दृढ़ता और सच्चाई)" के आदर्श वाक्य के साथ विश्व स्तरीय गुणवत्ता शिक्षा के माध्यम से शिक्षण, अनुसंधान, आउटरीच में उत्कृष्टता के लिए एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय को बहुआयामी शिक्षा के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने और 'वसुधैव कुटुम्बकम' के हमारे सांस्कृतिक आदर्श के साथ स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक समुदायों के साथ निरंतर जुड़ाव के मुख्य मिशन के साथ शुरू किया गया था।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपनी पुस्तक "दिल्ली विश्वविद्यालय : सेलिब्रेटिंग 100 ग्लोरियस इयर्स" में विश्वविद्यालय के कुछ सबसे प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों और संकाय– अमिताभ बच्चन, किरेन रिजिजू, दिनेश सिंह, मीनाक्षी गोपीनाथ, शशि थरूर, बिबेक देबरॉय, इम्तियाज अली, रायन करंजावाला के व्यक्तिगत संस्मरणों का एक संग्रह है। इसके अतिरिक्त संजीव सान्याल, धनंजय वाई. चंद्रचूड़, लक्ष्मी पुरी, नमिता गोखले और विजय शेखर ने भी अपने अनुभव साझा किए हैं।

संपादक हरदीप एस. पुरी के साथ, वे विश्वविद्यालय के समृद्ध इतिहास, लोकाचार और जीवंत छात्र जीवन से लेकर भारत और दुनिया भर में समाज और संस्कृति में उल्लेखनीय योगदान के लिए विश्वविद्यालय के अद्वितीय सार का जश्न मनाते हैं।

शताब्दी के दौरान, विश्वविद्यालय ने संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्व, खेल गतिविधियों और खिलाड़ियों के सम्मान, और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और आउटरीच का विस्तार, संवर्धन जैसी कई गुना योजनाएं भी चिन्हित की हैं। मीडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंटरफेस, पुस्तकों और पुस्तकालय संसाधनों का प्रचार, बुनियादी ढांचे और हरित पहलों का विस्तार, अनुसंधान विकास और अभिनव अभ्यास आदि, जो आने वाले वर्षों में विशेष रूप से विश्वविद्यालय और सामान्य रूप से समाज के लिए एक अविश्वसनीय सकारात्मक प्रभाव डालने जा रहे हैं।

हमारे माननीय कुलपति प्रो योगेश सिंह के हाल के एक विशेष व्याख्यान ने संकेत दिया और निर्दिष्ट किया कि दिल्ली विश्वविद्यालय में सभी क्षमताएं हैं और यह दुनिया के शीर्ष दस विश्वविद्यालयों में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करेगा।

मुझे यकीन है कि यह कठिन है, लेकिन अगर हम गुणवत्ता की दिशा में गंभीरता से काम करें तो इसे हासिल किया जा सकता है। हमें (शिक्षक, गैर–शिक्षक , छात्रों, शोधकर्ताओं, प्रशासकों, समुदाय) को समावेशी तरीके से गंभीरता से अपनी अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

ज्ञान के वैश्विक भंडार में जोड़ने के लिए हमें प्रत्येक विषय में अधिक जोरदार तरीके से स्वदेशी अनुसंधान को भी बढ़ावा देना चाहिए। तभी हमारे देश के साथ–साथ दिल्ली विश्वविद्यालय एक नई ऊंचाई पर पहुंच पाएगा।

मृणाल तिवारी, हिंदी (ऑनर्स),
तृतीय वर्ष, रामानुजन महाविद्यालय,
दिल्ली विश्वविद्यालय

संस्मरण

कारवां बनता गया...

... नमस्ते सर! क्या मेरी बात आदरणीय देवेंद्र राज अंकुर सर से हो रही है ?

–जी हो रही है, आप कौन?

सर मेरा नाम शिवांश है..! आपका नंबर रामानुजन कॉलेज में प्रोफेसर डॉक्टर मधु कौशिक मैम ने दिया है और मैं उनका स्टूडेंट हूं।

अच्छा अच्छा.. बताइए ?

सर मैंने इसी साल अपना एम.ए(हिंदी) कम्प्लीट किया है। और आगे मैं हिंदी नाटक और रंगमंच के क्षेत्र में शोध करना चाहता हूं। इसी सम्बन्ध में आपसे कुछ जानकारी चाहिये थी , मैं आपसे मुलाकात करने कब आ सकता हूँ?

–आप..एक काम कीजिये मंगलवार को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय(Nsd) आ जाइये।

जी ठीक है सर ...नमस्ते !

आप सोच रहें होंगे कि इस बातचीत का यहाँ लिखने का क्या मकसद हो सकता है? या हो सकता है आपको लगे कि कुछ भी अनायास लिख दिया गया है। लेकिन फिर भी सोचिये आपको ऐसे व्यक्ति जो अपने क्षेत्र के लिविंग लेजेंड हैं , जिनकी किताबें आप पिछले कई सालों से पढ़ते आ रहे हैं , तथा जिनके बारे में महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के प्रांगण से लेकर पत्र पत्रिकाओं में सुनते व पढ़ते आ रहे हो ऐसे में जब आपको उनसे मिलने का सौभाग्य प्राप्त हो? और उनसे फ़ोन पे इतनी आसान प्रतिक्रिया मिले तो क्या क्या सवाल मन में आ सकते हैं?

एक तो ये कि सामने वाला व्यक्ति इतना हम्बल व्यक्तित्व कैसे हो सकता है? दूसरा ये भी हो सकता है कि आपने जिनका रिफरेन्स दिया है उनके व्यक्तित्व का लाभ मिल रहा है। क्योंकि जहां आप किसी से मिलने के लिए हफ़्तों चक्कर काटते हैं वहीं इतनी आसानी से मिलने का सौभाग्य मिल जाय तो आज के समाज के परिपेक्ष्य में ये सवाल आने निश्चित हो जाते हैं। मैं अपने उसी अनुभव को इस लेख में प्रस्तुत करने का प्रयास करता हूँ। इस प्रकार फोन पर बात होने के बाद निर्धारित दिन मिलने में लिए मैं घर से गंतव्य को निकल तो पड़ा था लेकिन मन में कई सवाल– जवाबों से घिरा हुआ था।कुछ सवाल के जवाब तो लगभग पहले से तय थे जैसे कि मुझे क्या क्या पूछना है ? लेकिन कुछ सवालों को लेकर मुझमें थोड़ी सी नर्वसनेस बनी हुई थी। जैसे कि वे मुझसे क्या क्या पूछेंगे या पूछ सकते हैं? और मैं उनका क्या क्या जवाब दे सकता हूँ। मन में यह भी चल रहा था कहीं ऐसा न हो जाय कि वे कुछ ऐसा पूछें जो मैं न बता पाऊं? अथवा कुछ ग़लत बता दूं तो..सब गड़बड़ हो जाएगा। इस बात से थोड़ी सी घबराहट भी हो रही थी।इसी बीच अचानक से फिर ख़याल आया कि मैम अक्सर कहा करती हैं – जब विषय को ढंग से पढ़े हुए हैं तो फिर किसी बात से घबराने की ज़रूरत ही नहीं होनी चाहिए। अब जो होगा देखा जाएगा। इन्ही उहापोहों से होता हुआ मैं एनएसडी पहुंच गया।

गेट पर अपनी अनिवार्य जानकारी और आने का कारण बताने के बाद गार्ड साहब द्वारा बताया गया कि अंकुर सर प्रकाशन पटल में हैं और मैं भी वहीं अंततः पहुंच गया।

परिचय बताने पर पता चला कि उन्हें तो नाम पहले से ही याद है। मैं क्षण भर के लिए सोचने लगा कि इतने बड़े आदमी को हम जैसे पहली बार मिलने वाले विद्यार्थियों के नाम आसानी से याद रह जाते हैं। यह उनकी सादगी और महत्ता ही नहीं उनके बड़े व्यक्तित्व होने का एक और प्रमाण था।

अभिवादन के पश्चात , उन्होंने कई सारे सवाल किए, जैसे– कहाँ से हो? दिल्ली विश्वविद्यालय में कब से हो? और अंत मे एक सवाल कि नाटक में ही क्यों काम करना चाहते हो?

प्रतिउत्तर में जितना भी आता था मैंने अभिव्यक्त किया। इसके बाद फिर रनमंच और नाटकों के संदर्भ में भरतीय तथा पाश्चात्य विचारों को लेकर कई बातें हुई जैसे– दशरूपक , नाटक के तत्व ,कथाओं के प्रकार, अभिनय की शैलियां ,रंगमंच विधान तथा प्राचीन और आधुनिक नाटक और उनमें समानता व भिन्नता।

मेरे लिए इसमें से अधिकतम जानकरी नवीनतम और कुछ जानकारी पूर्वत भी थी। इनमें से कुछ प्रसंगों पर मेरे व्यक्तिगत जिज्ञासाओं का निवारण भी किया।

इसके पश्चात अंकुर सर ने शोध के विषय को लेकर कई नए और अलग अलग आयामों की चर्चा भी की और उसके साथ– साथ उनके सन्दर्भ स्रोत तथा उनसे जुड़े हस्तियों से सम्पर्क करने के मार्ग भी बताये।

और अंत में पुनः मिलने की आग्रह की अनुमति लेकर मैं आश्वस्त होकर एनएसडी से वापस आ गया।

इस अल्प साक्षात्कार के बाद मैंने इस बात को चरितार्थ होते हुए देखा कि– व्यक्ति का चरित्र उसके ज्ञान से ही नहीं अपितु उसके अभिव्यक्ति और व्यवहार से होता है, और उसकी अनुभूति के लिए एक माध्यम की आवश्यकता होती है क्योंकि गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है कि –

"'तुलसी' जस भवितव्यता, तैसी मिलै सहाय।"

और इस सहाय का आधार रामानुजन कोलेज और प्रेरणास्रोत आदरणीय डॉ. मधु कौशिक मैम हुई।।

– शिवांश मिश्रा
बी.ए. हिंदी (2018–2021)
पूर्व छात्र रामानुजन कॉलेज।।

Photograph by Ehsaas Singh, B.Com Program, 2nd Year

कंप्यूटर में हिंदी की संभावनाएँ और चुनौतियाँ

डॉ. ओम प्रकाश, सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

आज का युग सूचना, संचार व विचार का युग है । सूचना क्रांति के इस दौर में सूचना प्रौद्योगिकी पर हमारी निर्भरता पहले से बहुत ज्यादा हो गयी है । मोबाइल फोन, एटीएम , इंटरनेट बैंकिंग से लेकर रेलवे आरक्षण, ऑनलाइन शॉपिंग, आदि तक सूचना प्रौद्योगिकी हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुकी है । मौजूदा समय में लगभग सभी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु हमें सूचना प्रौद्योगिकी या डिजिटल माध्यम पर निर्भर होना होता है । इस क्षेत्र में नित नये नये प्रयोग और आविष्कारों से व्यवसायिक , वाणिज्यिक , जन संचार, शिक्षा, चिकित्सा, आदि कई क्षेत्र लाभांवित हुये हैं ।

कंप्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो विकास हुआ है वह भाषा के क्षेत्र में भी मौन क्राँति का वाहक बन कर आया है । अभी तक भाषा जो केवल मनुष्यों के आवशकताओं को पूरा कर रही थी , उसे सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में मशीन व कंप्यूटर की नित नई भाषायी मांगों को पूरा करना पड़ रहा है ।संविधान के अनुच्छेद 343 के आधार पर हिंदी को भारत में राजभाषा का दर्जा प्राप्त है जिसकी वज़ह से हिंदी भाषा का प्रयुक्ति क्षेत्र बहुत विस्तृत है , सभी सरकारी कार्यालयों में हिंदी को कार्यालयीन भाषा का दर्जा प्राप्त है व इसका कार्यक्षेत्र केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, कार्यालयों , निगमों , विभागों व उपक्रमों आदि तक फैला हुआ है ।राजभाषा के क्षेत्र में सरलीकरण और कंप्यूटर के क्षेत्र में हो रहे नित नये प्रयोग ने राजभाषा हिंदी में कार्य करना सुगम बनाया है । हिंदी में कंप्यूटर स्थानीयकरण का कार्य काफी पहले प्रारंभ हुआ जो कि अब आंदोलन की शक्ल ले चुका है । हिंदी सॉफ्टवेयर लोकलाइजेशन का कार्य सर्वप्रथम सी– डैक द्वारा 90 के दशक में किया गया था । वर्तमान में हिंदी भाषा के लिये कई संगठन कार्य करते है , जिसमें सी दृडैक, गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग केंद्रीय हिंदी संस्थान और अनेकों गैर सरकारी संगठन जैसे सराय, इंडलिक्स, आदि प्रमुख हैं। आज डिजीटल इंडिया के दौर में अधिकतर भुगतान संबंधी एप जैसे भीम एप, पेटीएम इत्यादि हिंदी सहित कई क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध हैं । कई बैंक हिंदी भाषा में इंटरनेट बैंकिंग व मोबाइल बैंकिंग सुविधा प्रदान कर रहे हैं ।

यूनिकोड के प्रयोग ने हिंदी के प्रयोग को आगे बढ़ाने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।हिंदी यूनिकोड के अस्तित्व में आने के बाद अब हर कंप्यूटर , लैपटॉप यहाँ तक की स्मार्ट फोन पर भी हिंदी में काम करना व करवाना कोई बड़ा मुद्दा नहीं रह गया है ।यूनिकोड एक अंतर्राष्ट्रीय मानक कोड है जिसमें हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं सहित विश्व की लगभग 200 भाषाओं के लिये कोड निर्धारित किये गये हैं । चूँकि कंप्यूटर मूल रूप से किसी भाषा से नहीं बल्कि अंकों से संबंध रखता है इसलिये हम किसी भी भाषा को एनकोडिंग व्यवस्था के तहत मानक रूप प्रदान कर सकते हैं ।साथ ही इसी आधार पर उनके लिए फॉण्ट भी निर्मित किये जा सकते हैं , जैसे अंग्रेज़ी भाषा अथवा रोमन लिपि के लिए एरियल फॉण्ट की एनकोडिंग की गयी है , उसी तरह हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के लिए निर्मित आधुनिक यूनिकोड फॉण्ट्स की भी एंकोडिंग की गयी है जिसे अंतराष्ट्रीय स्तर पर एप्पल, आइबीएम, माइक्रोसॉफ्ट , सैप , साइबेस , यूनिसिस जैसी सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की प्रमुख कंपनियों ने अपनाया है ।मानकीकरण का यह कार्य अमेरिका स्थित यूनिकोड कंसोर्शियम द्वारा किया जा रहा है ।भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक विभाग ने भी इस कंसोर्शियम के जरिये हिंदी के यूनिकोड फॉण्ट जैसे मंगल , कोकिला, एरियल यूनिकोड एमएस , आदि की एनकोडिंग कराई है जिसकी वजह से आधुनिक कंप्यूटरों में यह फॉण्ट पहले से ही विद्यमान होते हैं ।यूनिकोड 16 बिट की एक एनकोडिंग व्यवस्था है जो कि पालि और प्राकृत जैसी प्राचीन भाषाओं से भी परिचित है।

इसकी विशेषता यह है कि एक कम्प्यूटर पर के पाठ को दुनिया के किसी भी अन्य यूनिकोड आधारित कम्प्यूटर पर खोला व पढ़ा जा सकता है। इसके लिए अलग से उस भाषा के फोंट का प्रयोग करने की अनिवार्यता नहीं होती; क्योंकि यूनिकोड केनद्रित हर फोंट में सिद्धांततः विश्व की हर भाषा के अक्षर मौजूद होते हैं। यूनिकोड आधारित कम्प्यूटरों में प्रत्येक कार्य भारत की किसी भी भाषा में किया जा सकता है, बशर्ते कि 'ऑपरेटिंग सिस्टम' पर इन्स्टॉल सॉफ्टवेयर यूनिकोड व्यवस्था आधारित हो।

मौजूदा समय में हिंदी 'ग्लोबल हिंदी" में परिवर्तित हो गयी है , आज तकनीकी विकास के युग में दूसरे देशों के लोग भी, भले की विपणन के लिए ही सही , हिंदी भाषा सीख रहे हैं । आज स्थिति यह है कि भारत व चीन के व्यवसायिक संबंधों को बढ़ाने की संभावनाओं के तलाश के लिए लगभग दस हज़ार लोग पेइचिंग में हिंदी सीख रहे हैं साथ ही कई विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी को एक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है ।आज से लगभग 45 वर्ष पूर्व कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य आरंभ हुआ और इसी तरह एंकोडिंग व डिकोडिंग के माध्यम से विश्व की विभिन्न भाषाएँ भी कंप्यूटर पर सुलभ होने लगी, इस तकनीकी विकास ने भारतीय भाषाओं को जोड़ा है , कंप्यूटर के माध्यम से विभिन्न सॉफ्टवेयरों,सी–डैक संस्था के हिंदी सीखने सीखाने के विभिन्न कंप्यूटरीकृत कार्यक्रमों जैसे– प्रबोध, प्रवीण व प्राज्ञ पाठ्यक्रमों के लिये लीला वाचिक तकनीक के प्रयोग ने भाषा सीखने की प्रक्रिया को विभिन्न भाषा माध्यमों से बिलकुल आसान बना

दिया जिससे भाषायी निकटता का उदय हुआ, जिसके वजह से भाषायी एकता आना स्वाभाविक था।

अंग्रेज़ी के साथ–साथ आज हिंदी भाषा का भी नेटवर्क़ पूरे विश्व मे फैलता जा रहा है। जागरण, वेब दुनिया, नवभारत टाइमस, विकिपिडिया हिंदी, भारत कोष, कविता कोष, गद्य कोष, हिंदी नेक्स्ट डॉट कॉम, हिंदी समय डॉट कॉम ,भाषा इंडिया डॉट कॉम आदि इंटरनेट साइटों पर हिंदी सामग्री देखी जा सकती है। आज विज्ञापन से संबंधित एसएमएस से लेकर खाता–शेष संबंधी एसएमएस तक हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में प्राप्त किया जा सकता है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत कार्यरत सी–डैक (पुणे) बाईस भाषाओं में अपनी विभिन्न तकनीकी आयामों से वेबसाइटों, सॉफ्टवेयरों, रिपोर्टों, महाराष्ट्र सरकार की मराठी भाषा में तथा असम सरकार कीअसमिया भाषा में वेबसाइट निर्माणों, रिज़र्व बैंक के राजभाषा रिपोर्ट जेनेरेशन सॉफ्टवेयर(आरआरजीएस) निर्माण आदि के कार्य कर भाषायी एकता के क्रम में योगदान कर रहा है।

आज माइक्रोसॉफ्ट तथा एप्पल ओएस वाले सिस्टम में पहले से ही यूनिकोड मंगल सहित कई देवनागरी यूनिकोड फॉट उपलब्ध है ।हिंदी के बड़े बाजार के नब्ज़ को देखते हुये माइक्रोसॉफ्ट ने अपने सॉफ्टवेयर उत्पादों से संबंधित सहायक साहित्य तथा मार्गदर्शक सूत्रों को विशेषज्ञों की सहायता से हिंदी में उपलब्ध कराने के प्रयत्न शुरू किया गया है। बहुप्रचलित विंडोज़ विस्टा व विडोंज 7 जैसे ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ एमएस वर्ड, पावर प्वाइंट, एक्सेल, नोटपैड, इंटरनेट एक्सप्लोरर, जैसे प्रमुख सॉफ्टवेयर उत्पाद अब हिंदी में कार्य करने की सुविधा प्रदान करते हैं। माइक्रोसॉफ्ट का लैंग्वेंज इंटरफेस पैकेज स्थानीयकरण का बेहतर उदाहरण है ।

गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग ने अपनी वेबसाइट पर राजभाषा हिंदी में कार्य करने को आसान बनाने के उद्देश्य से हिंदी में कई सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराये हैं, जिसमें से निम्नलिखित प्रमुख हैं–

1. सर्वप्रथम हम लीला सॉफ्टवेयर की बात करेंगें – LILA अर्थात Learn Indian Languages with Artificial Intelligence, एक स्वंय शिक्षण मल्टीमीडिया पैकेज है। यह राजभाषा विभाग द्वारा तैयार किया गया एक निशुल्क सॉफ्टवेयर है जिसके द्वारा प्रबोध , प्रवीण व प्राज्ञ स्तर के हिंदी के पाठयक्रमों को विभिन्न भारतीय भाषाओं जैसे कन्नड़, मलयालम, तमिल , तेलगु, बांग्ला आदि के माध्यम से सीखने, ऑनलाइन अभ्यास, उच्चारण सुधार, स्वमूल्यांकन, आदि की सुविधा उपलब्ध है।

2. मंत्र अर्थात Machine Assisted Translation Tool सीडैक द्वारा विकसित एक मशीनी अनुवाद सॉफ्टवेयर है। यह राजभाषा विभाग द्वारा विकसित एक मशीनी साधित अनुवाद है जो राजभाषा के प्रशासनिक , वित्तीय , कृषि , लघु उद्योग, सूचना प्रद्योगिकी, स्वास्थ्य रक्षा, शिक्षा एवं बैंकिंग क्षेत्रों के दस्तावेज़ों का अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद करते हैं। मंत्र राजभाषा इंटरनेट संसकरण के डिजाइन व विकास थिन क्लाइंट आर्किटेक्चर पर आधारित है, इसमें संपूर्ण अनुवाद प्रक्रिया सर्वर पर होती है, इसलिये दूरवर्ती स्थानों में भी इंटरनेट उपलब्ध लो एंड सिस्टम पर भी दस्तावेज़ों का अनुवद करने की इस सुविधा का उपयोग किया जा सकता है।

3. श्रुतलेखन एक सतत स्पीकर इंडीपेंडेंट हिंदी स्पीच रिकगनिशन सिस्टम है, जिसका विकास सीडैक, पुणे के एलाइड ए.आइ ग्रुप ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया गया है यह स्पीच टू टेक्सट टूल है, इस विधि में प्रयोक्ता माइक्रोफोन में बोलता है तथा कंप्यूटर मेंमौजूद स्पीच टू टेक्स्ट प्रोग्राम उसे प्रोसेस कर पाठ / टेक्स्ट में बदल कर लिखता है ।

4. वाचांतर ध्वनि से पाठ में अनुवाद प्रणाली है जिसमें दो प्रौद्योगिकों का समावेश है। यह उपकरण अंग्रेज़ी स्पीच से हिंदी अथ अनुवाद हेतु उपलब्ध कराया जाता है।

5. सीडैक पुणे के तकनीकी सहयोग से ई–महाश्ब्दकोश का निर्माण किया गया जो की राजभाषा की साइट पर निशुल्क उपलब्ध है। यह एक द्विभाषी दृद्विआयामी उच्चारण शब्दकोश हैं जिसके द्वारा हिंदी या अंग्रेज़ी अक्षरों द्वारा शब्द की सीधी खोज किया जा सकता है।

6. गूगल वाइस टाइपिंग वर्तमान समय में एक हिंदी में टाइप करने हेतु एक सुविधाजनक टूल के रूप में उभर के सामने आया है जिसके माध्यम से व्यक्ति अपनी आवाज में किसी भी हिंदी दस्तावेज़ को बिना की–बोर्ड की मदद के महज़ पढ़ कर टाइप कर सकता है। कोई भी व्यक्ति जिसके पास जी–मेल अकाउंट है, वह इस सुविधा का लाभ उठा सकता है।

अनुवाद दो भाषाओं के बीच सेतु का कार्य करता है। तकनीकी के उत्तरोत्तर विकास द्वारा मशीनी अनुवाद टूल बनाना संभव हो सका। आज विश्व के कई देशों के पास अत्यंत ही सक्षम अनुवाद टूल हैं। इनकी सहायता से वैश्विक मंचों पर विभिन्न देशों का आपसी मिलन आसानी से संभव हुआ है। भारत में भी अनुवाद टूल बनाने की दिशा में कई सॉफ्टवेयर बनाए गए हैं जिनमें सी–डैक, आईआईटी कानपुर, आईआईटी मुंबई जैसी संस्थाओं की अहम भूमिका है।वर्तमान समय में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौधोगिकी मंत्रालय के प्रावधान के अंतर्गत Machine Assisted Translation Tool मौजूद है। साथ ही गूगल ट्रांसलेट ने पिछले साल नवंबर में न्यूरल ट्रांसलेशन पेश किया था। उस समय यह सिर्फ 8 विदेशी भाषाओं के लिये उपलब्ध था मगर अब गूगल ने बेहतर ट्रांसलेशन करने वाले इस सिस्टम को हिंदी, रूसी और वियतनामी भाषाओं के लिये जारी किया है । न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन में एक– एक शब्द का ट्रांसलेशन करने के बजाय पूरे वाक्य को समझ कर ट्राँस्लेशन किया जाता है । इससे पहले किये जाने वाले ट्रांसलेशन में बहुत बुनियादी वाक्य ही ट्रांसलेट हो पाते थे और कई बार उनका अर्थ भी बदल जाता था । मगर न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन में इस प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है। गूगल टूलकिट द्वारा गूगल में अकाउंट बनाकर अनुवाद करने पर, मेमोरी में ले लेता है, जिससे भविष्य में उसी तरह का similar text आने पर सही अनुवाद करता है ।

ई–पुस्तक, राजभाषा विभाग की साइट पर उपलब्ध है ।भाषायी

परस्पर आदान प्रदान के क्रम में भी तकनीकी विकास हुआ है। जहाँ एक ओर गूगल ट्राँसलेट के माध्यम से विभिन्न भाषाओं का अनुवाद किया जा सकता है वहीं हमारे पास लिपियों को बदलने का सॉफ्ट्वेयर गिरगिट भी उपलब्ध है। भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद करने हेतु अनुसारक नाम का सॉफ्टवेयर मौजूद है। हिंदी ऑप्टिकल कैरेक्टर के माध्यम से हिडी ओसीआर इंपुट करके ओसीआर आउटपुट में 15–16 वर्ष के पहले की सामाग्री को भी परिवर्तित किया जा सकता है। सीडैक के श्रुतलेखन सॉफ्टवेयर से भाषण/स्पीच से पाठ रूप में पहुँचा जा सकता है।

गूगल के टूलों में वाचक, प्रवाचक, गूगल टेक्स्ट टू स्पीच के जरिये पाठ से भाषन की सुविधा उपलब्ध है व गूगल के वायस टाइपिंग के जरिये स्पीच को टेक्स्ट में बदलने की सुविधा उपलब्ध है।

इसके अलावा हिंदी में शब्द संसाधन के लिये विशेष रूप से तैयार माइक्रोसॉफ्ट इंडिक लैंग्वेज़ इनपुट टूल भारतीय भाषाओं हेतु एक सरल टाइपिंग टूल है। वास्तव में यह एक वर्चुअल की बोर्ड है जो कि बिना कॉपी–पेस्ट के झंझट के विंडोज में किसी भी एपलीकेशन में सीधे हिंदी में लिखने की सुविधा प्रदान करता है। यह सेवा दिसंबर 2009 में प्रारंभ हो गयी थी। यह टूल शब्दकोश आधारित ध्वन्यात्मक लिप्यांतरण विधि का प्रयोग करता है अर्थात हमारे द्वारा जो रोमन में टाइप किया जाता है, यह उसे अपने शब्दकोश से मिलाकर लिप्यांतरित करता है तथा मिलते–जुलते शब्दों का सुझाव करता है। इस कारण से प्रयोक्ता को लिपयंतरण स्कीम को याद नहीं रखना पड़ता है जिससे पहली बार एवंशुरुआती हिंदी टाइप करने वालों के लिये काफी सुविधाजनक रहता है।

आधुनिक युग कंप्यूटर का युग है जिसने मनुष्य की कागज पर निर्भरता को काफी हद तक कम कर दिया है। कंप्यूटर के आगमन, प्रसार तथा इसपर हमारी बढ़ती निर्भरता ने कुछ समय तक के लिए भारत जैसी तीसरी दुनिया के देश के लिए स्थानीय भाषाओं के ह्रास का संकट पैदा कर दिया था परंतु नित–नए तरीके से विकसित होते इस यंत्र ने ऐसी बाधाओं को पार कर लिया है और अब यह सभी भारतीय भाषाओं के प्रसार के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम उपलब्ध करा रहा है। कंप्यूटर ने टाइपिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले टाइपराइटर को चलन से बाहर किया परंतु शुरुआत में यह स्थानीय भाषाओं के लिए सहज नहीं था। इस समस्या का समाधान यूनिकोड के आगमन से हुआ जिसने हिन्दी के साथ–साथ अन्य भारतीय भाषाओं के लिए भी कंप्यूटर पर काम करने के लिए आसान प्लेटफॉर्म निर्मित किया। इसके माध्यम से हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में ब्लॉग लिखे जाने लगे, जो कि अब तक केवल कंप्यूटर के आविष्कारक देशों की भाषाओं में लिखे जा रहे थे। आज हिंदी में अनेकों ब्लॉग लिखे और पढे जा रहे हैं, इतना ही नहीं समाचार पत्रों ने भी अब नियमित रूप से ब्लॉग छापने शुरू कर दिए हैं। यूनिकोड ने स्थानीय भाषाओं में टाइपिंग को आसान बनाकर इन्हें सोशल नेटवर्किंग साइट जैसे–ट्विटर, फेसबुक पर भी स्थापित कर दिया है।

निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों के प्रसार ने भाषाई एकता को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके फ्री टु एयर से डिश कनेकशन और उसके बाद डाइरेक्ट टु होम तक के तकनीकी विकास ने जनता को उनकी भाषा में मनोरंजन व ज्ञान की पहुंच सुनिश्चित की है। यही बात रेडियो के निजी एफ़एम चैनलों के प्रसार एवं संचालन के साथ भी लागू होती है। आज भारत में 800 से ज्यादा टीवी चैनल और 250 तक एफ़एम चैनल उपलब्ध हैं। साथ ही ई समाचार–पत्रों के चलन ने पत्रकारिता को एक नया स्वरूप दिया है। आज अपनी मातृभाषा में समाचार–पत्र पढ़ने के लिए उस क्षेत्र विशेष में अनिवार्यतः उपस्थित रहना आवश्यक नहीं रहा। लगभग सभी प्रमुख समाचार–पत्रों के ई संस्करण इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। इनके अलावा हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में ई–बुक्स, ई–मैगजीन, ई–कॉमिक्स आदि का प्रसार भी काफी तेज गति से हो रहा है।

समेकित रूप से यह कहा जा सकता है कि आज हम तकनीकी युक्त वस्तुओं से चारों ओर से घिरे हुए हैं। तकनीकी विकास ने हमारी जीवन–शैली और समाज के ढांचे को भी प्रभावित किया है और भाषा भी इससे अछूती नहीं है। शुरुआत में हिंदी को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों व विकास के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा परंतु भाषा के मानकीकरण व यूनिकोड के प्रादुर्भाव ने सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में ना सिर्फ एक महत्वपूर्ण भाषा के रूप में स्थापित किया बल्कि हिंदी भाषा के विकास हेतु नई राहें खोल दी। सरकार द्वारा वित्तीय समावेशन पर जोर देने के कारण हिंदी भाषा व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं का कार्यक्षेत्र भी विस्तृत हुआ क्योंकि वित्तीय समावेशन का मूल लक्ष्य है बैंकिंग सेवाओं को जनमानस तक पहुँचाना जिसमें सबसे अहम भूमिका भाषा ने निभायी। आज पासबुक में प्रविष्टियों से लेकर खाता में हो रहे लेन– देन की सूचना या एसएमएस ग्राहकों को हिंदी में उपलब्ध कराये जा रहे हैं। साथ ही यह मौजूदा समय में बैंकिंग को सर्वसाधारण तक पहुँचाने की आवश्यकता का ही असर है कि विमुद्रीकरण के इस दौर भुगतान संबंधी कई एप्प हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। आज सूचना प्रौद्योगिकी की इस युग में हिंदी का महत्व पहले से अधिक हो गया है और यह महज राजकाज की संवैधानिक बाध्यता से निकलकर व्यवसायिक भाषा के रूप में उभर कर सामने आयी है।

बुद्धिजीवियों से सावधान

डॉ. अजय कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग
रामानुजन महाविद्यालय

ऐसा माना जाता है कि बौद्धिकता के आधार पर ही सत्य का निरुपण हो सकता है, इसलिए चिंतन को बुद्धि से समर्पित होना आवश्यक है। लगभग तार्किकता एवं प्रमाणिकता ही सत्य की कसौटी है। किन्तु बौद्धिकता की कसौटी को किसी न किसी रूप में आरंभिक काल से ही चुनौति दी जाती रही है। ऐसे भी विचारक रहे हैं, जिन्होने बुद्धि की अपेक्षा क्रिया पर अधिक ज़ोर दिया है। उनके अनुसार तार्किकता और प्रमाणिकता के कारण हम क्रिया की अवहेलना नहीं कर सकते बल्कि क्रिया के लिए एक तर्क या बुद्धि की अवहेलना कर सकते हैं। हम पहले कर्ता है बाद में चिंतक । आधुनिक काल में बुद्धि एवं क्रिया के संघर्ष को लेकर बहुत अधिक चिंतन हुआ है। मनुष्य बुद्धिवाद के नाम पर कर्म को छोड़ नही सकता। वह क्रिया को ही प्रश्रय देगा, भले ही उसके लिए उसे बुद्धि की अवहेलना ही क्यों न करनी पड़े। उदाहरण के तौर पर जब हमारे सामने कई विकल्प उपस्थित हो जाते हैं और बुद्धि के द्वारा हम किसी एक विकल्प के पक्ष में निर्णय नहीं कर सकते, तब अपनी रागात्मक प्रकृति के अनुसार विकल्प के पक्ष में अपना निर्णय दे देना बिल्कुल ठीक है, क्योंकि ऐसी परिस्थिति में यह मान लेना कि निर्णय मत करो और प्रश्न को निरुत्तर रहने दो' एक रोगप्रेरित निर्णय ही है। इसलिए जो लोग बुद्धि (त्मेंवद) और क्रियावाद(च्तंहउंजपेउ) दोनो का प्रयोग बखूबी करना जानते हैं उन्हें सर्वत्र बुद्धिजीवी कहा जाता है या बुद्धिजीवी मान लिया जाता है। क्योंकि वे अपनी बुद्धि के साथ ही जीते हैं अर्थात क्रिया करते हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रत्येक देश में बुद्धिजीवी वर्ग सर्वाधिक प्रभावशाली वर्ग रहा है, वह भले ही शासक वर्ग न रहा हो। बुद्धिजीवी वह है, जो दूरदर्शी होता है, सलाह दे सकता है और नेतृत्व प्रदान कर सकता है। किसी भी देश की अधिकांश जनता विचारशील और क्रियाशील जीवन व्यतीत नहीं करती। ऐसे लोग प्रायः बुद्धिजीवी वर्ग का अनुकरण और अनुगमन करते हैं। यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि किसी देश का या किसी संस्थान का संपूर्ण भविष्य उसके बुद्धिजीवी वर्ग पर निर्भर होता है। यदि बुद्धिजीवी वर्ग ईमानदार, स्वतंत्र और निष्पक्ष है तो उस पर यह भरोसा किया जा सकता है कि संकट की घड़ी में वह पहल करेगा और उचित नेतृत्व प्रदान करेगा। यह ठीक है कि प्रज्ञा (Awareness) अपने आप में कोई गुण नहीं है। यह केवल साधन है और साधन का प्रयोग उस लक्ष्य पर निर्भर है, जिसे एक बुद्धिमान व्यक्ति प्राप्त करने का प्रयत्न करता है। बुद्धिमान व्यक्ति भला हो सकता है, लेकिन साथ ही साथ वह दुष्ट भी हो सकता है। उसी प्रकार बुद्धिजीवी वर्ग भी उच्च विचारों वाले व्यक्तियों का एक दल हो सकता है, जो सहायता करने के लिए तैयार रहता है और पथभ्रष्ट लोगों को सही रास्ते पर लाने के लिए तैयार रहता है। लेकिन बुद्धिजीवी वर्ग धोखेबाज़ों का एक गिरोह या संकीर्ण गुट के पैरोकारों का एक निकाय भी हो सकता है। जहां से उसे सहायता मिलती है। यही बुद्धिजीवी समय समय पर किसी एक विशेष वर्ग के हितों के संरक्षण के लिए लोगो को एक मिथ्याजनक सत्य से रुबरु करा सकते है। देश के हितों के बजाय वे सिर्फ व्यक्तिगत हितों एवं आकांक्षाओं की साझेदारी करने वाला हो सकता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि इन्ही बुद्धिजीवियों ने न जाने कितने मिथ्याजनक सत्य रचे है जिसके कारण कालांतर में भी लोगो के बीच संघर्ष बना रहा है। इसलिए ऐसा कहा जा सकता है कि "जब तक बेवकूफ ज़िंदा रहेंगे, तब तक बुद्धिजीवी शान से ज़िंदा रहेंगे और शासन करेंगे।" याद रहे कि इतिहास कभी किसी के साथ छल नही करता इतिहास को लिखने व रचने वाले छल कर सकते हैं।जीवन शक्ति मूलतः सर्जनात्मक एवं रचनात्मक है। यह समष्टि का पोषक है। इसलिए वह सामाजिकता का संरक्षण करती है। अतः जहां सहज प्रवृति की प्रधानता है। वहां सामाजिक व्यवहार ही पाए जाते हैं। बुद्धिरहित जंतुओं में सहज प्रवृति की प्रधानता है, अतः वहाँ प्रायः सामाजिकि व्यवहार ही दृष्टिगोचर होते हैं। किन्तु – जब जीवन–शक्ति से बुद्धि का विकास होता है, तब सामाजिक व्यवहार में खलल पहुंचता है। बुद्धि से अहंभावना (ego sense) उत्पन्न होती है। चूंकि

मनुष्यों में बुद्धि है, इसलिए वे स्वार्थी हो जाते हैं और समाज हित में कार्य नहीं करके वे व्यक्तिगत हित में कार्य करते हैं। या ऐसा दर्शन हो कि वे सामाजिक हित में कार्य कर रहे हैं लेकिन वास्तव में वे अपने व्यक्तिगत हित को साध रहे होते हैं। इससे सामाजिकता को बड़ी ठेस पहुंचती है किन्तु यदि बुद्धि खण्डन कर सकती है तो वह मण्डन भी कर सकती है। और वह अपनी दुष्कृतियों का परिशोधन भी कर सकती है। वह देखती है कि व्यक्तिगत हित की रक्षा अन्ततोगत्वा समाज के कायम रहने से ही सम्भव हो सकती है। इसलिए वह समाज की रक्षा के लिए नैतिकता को जन्म देती है और तब सामाजिक नियमों का निर्माण होता है और उन्हें नैतिक आंबंध (Moral obligation) के रूप में स्वीकार किया जाता है।

लेकिन जब यह सामाजिक नीति (social morality) समाज विशेष में ही सीमित रह जाती है तब इसे एक 'बंद नीति (closed morality) कहते हैं। जबकि सही अर्थ में नैतिकता सार्वभौम (universal) होती है। उसका उचित क्षेत्र सम्पूर्ण विश्व समाज ही हो सकता है। ऐसी नैतिक खुली नीति (open morality) या 'सार्वभौम नीति' (universal morality) कही जाती है। प्रत्येक व्यक्ति का प्रत्येक व्यक्ति से प्रेम ही इसका मूलमंत्र है तथा प्रत्येक का प्रत्येक के प्रति कर्तव्य ही इसकी निष्ठा है। ऐसी सार्वभौम नीति का स्रोत अंतःप्रज्ञा ही हो सकती है। लेकिन बुद्धि इसे युक्तियुक्त बना सकती है। साधारणतः बुद्धि तर्क देकर मनुष्यों में भातृत्व या बंधुत्व सिद्ध करती है और इस तरह सार्वभौम नीति को सम्पुष्ट करती है, लेकिन बुद्धि इसके विपरीत भी कार्य कर सकती है। इसलिए बुद्धिजीवियों में जब तक यह सार्वभौम नीति उत्पन्न नही होती जब तक वे खुली नीति को प्रश्रय नहीं देते तब तक जैसे भीड़ भरे वाहन में 'जेबकतरों से सावधान' रहना होता है उसी प्रकार इन 'बुद्धिजीवियों से भी सावधान रहना होगा। क्योंकि जो लोग दूसरों की बुद्धि से चालित होते हैं वे हमेशा अपने ही दुष्प्रयोग में शामिल होते हो इसलिए स्वचालित बुद्धि ही स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्णय ले सकती है और एक सार्वभौमिक नैतिकता को जन्म दे सकती है। लेकिन उसके लिए आपको क्रिया करनी होगी पुरातन विचारों का चिंतन एवं विश्लेषण करना होगा नए विचारों से अवगत रहना पड़ेगा लेकिन अगर आपने ऐसा कर लिया तो शेष लोग आपको भी बुद्धिजीवी कहेंगे और शायद वे आपसे भी सावधान रहेंगे। हो सकता है इस लेख को पढ़कर आपके चेहरे पर हल्की सी मुस्कान आ जाए, याद रहे वही मुस्कान एक सार्वभौम नैतिकता की घोतक होगी भले ही शेष लोग आपको देखकर आपकी कमतर बुद्धि का अंदाजा लगा रहे होंगे।

Illustration by Sourabh Barala, B.Sc.(H) Computer Science, Third Year

संस्मरण

....बस याद करूँ

प्रो. मधु कौशिक, हिंदी विभाग, रामानुजन महाविद्यालय,
दिल्ली विश्वविद्यालय

'बेटा जी' शब्द मेरे लिए मात्र शब्द नहीं है और न ही केवल सम्बोधन। ये उस रिश्ते का नाम है जिसे मैंने सन 1989 में दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी महाविद्यालय में पाया । यह संबंध आत्मा से जुड़ा है जिसने मेरे 'स्व' को अर्थ दिया है। ये रिश्ता केवल गुरु और शिष्य तक सीमित नहीं है। आमतौर पर यह संबंध आध्यात्मिकता से सींचा जाता है। मेरे लिए ये संबंध भौतिकता और आध्यात्मिकता के समन्वय की कहानी है जिसे मैं आज याद भी कर रही हूँ और एक बहाने से सुना भी रही हूँ। यह कहानी शुरू होती है मेरे कॉलेज के प्रांगण से जहां मेरा साक्षात्कार एक प्राध्यापिका एक रूप में माँ स्वरूपा डॉ. शकुंतला कालरा से होता है । उनकी कक्षा में पढ़ना मेरे लिए सौभाग्य ही रहा। वो कक्षा में आतीं, पढ़ाती और चली जाती। धीरे–धीरे उनकी आवाज़ कानों में मिस्री की भांति घुलने लगी। उनके पढ़ाए ने दिल की राह कब पकड़ ली पता नहीं चला। अब उनका पढ़ाया ही नहीं उनका बाह्य स्वरूप भी आकर्षक लगने लगा। कभी भारतीय संस्कृति की परिचायक साड़ी तो कभी सूट । मुझे याद है एक दिन फ़िरोजी रंग का सूट पहने वो कक्षा में आईं तो उनके माथे की बिंदी पर जाकर मन ठिठक गया। लगता था जैसे बाल रवि माथे पर चमचमा रहा हो। उसकी लालिमा में ज्ञान और ऊर्जा का स्रोत मुझे दिखाई देने लगा। फिर क्या था एक ऐसा संबंध बना जिसे भुला पाना संभव नहीं। स्मृतियों की डोरी में गूँथा ये संबंध मेरा संचित कोश है।

'मीरा की पदावली' जब मैम ने पढ़ाई तो 'भक्ति' की शक्ति को पहचाना। प्रेम क्या है? प्रेम की अभिव्यक्ति कैसे होती है? प्रेम का दीवानापन और स्वयं को प्रेम में डुबो देने का मतवालापन सब जैसे जीवंत हो उठा। हम विद्यार्थी मीरा की भक्ति में सराबोर हो गए। जब मैम ने तुलसी की 'रामचरितमानस' पढ़ाई तो लोकचेतना, दर्शन, समन्वय भावना, भाषा, भाव सबकुछ एक साथ हम विद्यार्थियों के भीतर प्रवाहित होने लगे। 'बैदेही' के मायने और सीता के चरित्र को जिस प्रकार हमारे सामने रखा गया तो स्त्री होने पर गर्व हुआ। 'तृण धरि ओट कहत बैदेही' ने तो जैसे तिनके के भीतर की शक्ति को हमारे हाथों में भर दिया हो। सुबह की कक्षा के बाद कभी–कभी लंबा अंतराल आता परंतु मैम इस तरह पढ़ाती थी कि शाम 4 बजे तक की कक्षा का हम विद्यार्थी इंतजार करते। कक्षा के बाद लगता जैसे कुछ लेकर घर जा रहे हैं।

मेरे स्मृतिकोष में आज भी वो दिन साकार है जब मैंने विकल्प के प्रश्नपत्र में 'तुलसीदास' का चयन किया था। तुलसी को समझना जितना सरल है उतना ही क्लिष्ट भी। यह तुलसी साहित्य का समन्वय ही है जो शायद मेरे भीतर तक रम गया था। तभी कक्षा में एक एक दिन मैम ने अपने तुलसी पर संकलित संचित कोश को एक पुस्तिका के रूप में हमारे सम्मुख रख दिया। बिना ये सोचे कि उनकी वर्षों की मेहनत इसमें संचित है। एक चुनौती भी रखी कि यह पुस्तिका केवल एक दिन के लिए ही आपके साथ साझा कर सकती हूँ। कल इसे लौटाना होगा। सारी संचित निधि को एक रात में अपने पास लिख कर रखने की चुनौती बड़ी थी। फिर भी मैंने इसे दृढ़ता के साथ स्वीकार किया। शाम को घर पहुँचने के बाद रात आठ बजे मैंने लिखना प्रारम्भ किया तो सुबह के आठ कब बज गए, ज्ञात ही नहीं हुआ । कॉलेज जाते समय मन प्रसन्न था कि मैं मैम की बात को रखने में सफल रही थी । ये मैम का आशीर्वाद कहूँ या उनकी अनुकंपा, उन्होंने मुझे आत्मविश्वास से भर दिया था। शायद वो हमारी परीक्षा ले रही थीं। कुछ बातें शायद उन्हें आज याद भी न हो पर उनकी शिष्या होने के कारण एक–एक पल को मैंने सँजोकर रखा है।

मुझे आज भी वो दिन पूरी तरह से याद है जब हम 'तुलसीदास' के वैकल्पिक प्रश्नपत्र की परीक्षा दे रहे थे। तुलसी को मैम ने बहुत अच्छे से पढ़ाया था। परीक्षा से एक दिन पहले बहुत तेज वर्षा हो रही थी और मैं चौपाई गा – गाकर याद कर रही थी। तुलसी जब रत्नावली से मिलने गए थे तब ऐसी ही वर्षा हुई होगी यकायक मन में उभर आया। उस दिन भी बादल ज़ोर से गरज रहे थे। वर्षा रुकने का नाम नहीं ले रही थी। लेकिन मैम के पढ़ाए से एक रागात्मक संबंध जुड़ गया था। सुबह ने दस्तक दी तो वर्षा

भी थम गयी और हम परीक्षा कक्ष में थे। प्रश्नपत्र पढ़कर तो लगा जैसे सब घुला – मिला है। दर्शन में समन्वय भावना को मिला दिया था। सगुण और निर्गुण की दोनों धाराएँ एक होकर प्रश्नपत्र में विराजमान थीं। परीक्षा दे तो दी थी। मैम के पढ़ाए और अपने पर विश्वास भी था। किन्तुजब अपनी सहपाठियों के मुखमंडल देखे तो मुरझाए थे। ये स्नातक के तृतीय वर्ष की अंतिम परीक्षा थी। जैसे – तैसे परीक्षा परिणाम आया तो मेरी नैया तुलसी बाबा ने पार लगाकर मुझे प्रथम कक्षा में ही नहीं अपितु दक्षिण परिसर में भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मैम तो इतनी खुश हुईं कि पूछो मत। मेरे 77/100 अंक आए थे। मेरे अंक देखते ही मैम ने कहा – "बेटा जी मेरे 76/100 अंक आए थे और तुम एक अंक ज्यादा लाई हो मुझसे।" आज पता चला था कि अपने से आगे देखकरकेवल और केवल एक गुरु और माँ ही प्रसन्न हो सकते हैं। मैम के रूप में मैंने दोनों को ही पाया है।

स्नातक उत्तीर्ण करने के बाद कुछ सालों तक मैम से संपर्क नहीं रहा। विवाह और परिवार में वक्त पंख लगाकर उड़ रहा था। तभी विवाह पश्चात एम॰फिल॰ करते समय मैम से दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में अचानक भेंट हुई। मैम और मैं एक – दूसरे को देख अति प्रसन्न थे। मैम ने हमारी एक संस्कृत की प्राध्यापिका से मेरा परिचय करवाया। परिचय करवाते समय वही ममत्व, बाल – सुलभ मन, मीठी – सी मुस्कान थी जिसे देख मैं वर्षों तक न मिलने की टीस को तुरंत भूल गई। मैं और मैम अब पुस्तकालय की छत जिसे अमूमन दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टूडेंट फ्लोर कहते हैं वहाँ बैठ चाय की चुस्की ले रहे थे। बातचीत में मैम के बाल – साहित्य और नक्षत्रीय ज्ञान का परिचय भी मिलता रहा। जीवन के संघर्षों का जिक्र होता रहा और लगा ही नहीं कि हम इतने वर्षों बाद मिले हैं।

मेरे अस्तित्व को रचने और गढ़ने में गुरु माँ डॉ॰ शंकुतला कालरा मैम का योगदान रहा है। समय का चक्र चलता रहा और मेरी नियुक्ति दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन महाविद्यालय के हिंदी विभाग में हुई तो कई बार मूल्यांकन के दौरान तो कभी दिल्ली विश्वविद्यालय में भेंट होती रही । डिजिटल दुनिया ने तो दूरियाँ कम करते हुए कितनी बार मैम को सुनने का मौका दिया। बाल – साहित्य जिस मासूमियत और भोलेपन से रचा जाता है उसकी साक्षात मूरत मैम में दृष्टिगत होती है। कभी बेटा जी, कभी मधु, कभी माधवी औरमाधुरी यही धरोहर है मेरी। ....बस यही याद करूँ।

आपकी शिष्या और पुत्री
प्रो॰ मधु कौशिक



Illustration by Rupita Gupta, B.Com (Hons), Third Year

समय, सेहत और संबंध

डॉ. सुनीता पुनिया, डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स

इन तीन चमत्कारिक शब्दों का महत्व इनको खोने के बाद महसूस होता है पहला सुख निरोगी काया जिसके लिए दुख देने वाले कारणों को छोड़ देने चाहिए। जिसमें रात को देर से सोना,परिणामस्वरूप देर से ही जगना , निष्क्रिय जीवन जीना ,ग़लत आहार ,योग ना करना ,हमारी 80 प्रतिशत सेहत इन सब कारणों से ख़राब होती है ।योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथदृसाथ हमे शारीरिक , मानसिक और आध्यात्मिक विकास के पथ पर भी ले जाता है। योगासन में आहर का बहुत बड़ा योगदान होता है , गीता में भगवान श्री कृष्ण ने भी सात्विक आहार के महत्व पर ज़ोर दिया है ,सात्विक आहार और योग से शरीर के समस्त रोगों को दूर कर मस्तिष्क को तनाव मुक्त कर,आत्मा का ईश्वर के साथ एकरूप करवाता है,हमारी सोच सकारात्मक और विचार शुद्ध और परहित सोचने की प्रेरणा भी मिलती है जीवन जीने का सबसे सर्वोत्तम तरीक़ा योग तथा सात्विक आहार ही है।

दूसरा महत्वपूर्ण पहलू समय हैसमय बोहुत कीमती है और हमें इसे किसी भी तरह से बर्बाद नहीं करना चाहिए। इसी तरह, हम जो पैसा खर्च करते हैं, उसे कमा सकते हैं, लेकिन हम अपने खोए हुए समय को वापस नहीं पा सकते। तो, यह समय को पैसे से अधिक मूल्यवान बनाता है। इसलिए, हमें समय का सदुपयोग करना चाहिए।

यह दुनिया की सबसे मूल्यवान और कीमती चीज़ है। साथ ही, हमें इसका उपयोग अपने अच्छे के साथ–साथ अपने आस–पास के अन्य लोगों के लिए भी करना चाहिए। इससे हमें और समाज को बेहतर कल की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी।विद्यार्थी जीवन में समय का सही उपयोग किया जाए तो जीवन में सफ़लता अवश्य प्राप्त होती है। इसके विपरीत जो विद्यार्थी कर लेंगे या पढ़ लेंगे का दृष्टिकोण रखते हैं, वे असफलता का मुँह देखते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपना हर कार्य निर्धारित समय पर या उसके पूर्व ही समाप्त कर लें। जिससे बचे हुए समय में दूसरे कामों को करने की रूपरेखा बनायी जा सके।फिर लौट कभी भी न आए समय ईश्वर का सबसे बड़ा उपहार है। इसके अलावा, एक कहावत है कि "यदि आप समय बर्बाद करते हैं, तो समय आपको बर्बाद करेगा।" केवल यह रेखा यह बताने के लिए पर्याप्त है कि समय कितना महत्वपूर्ण और मूल्यवान है।

समय का मूल्य

समय तो होता है बलवान
चलते रहना इसका काम
समय रहते जो जाने इसे
वही बन जाए भाग्यवान
चाहे जो परिस्थिति आए
या आलस तुम्हें बहकाए
लेना समझदारी से काम
समय से करना सारे काम
हर वस्तु पैसे से मिल जाए
है समय ही जो ना ले पाए
एक बार हाथ से जो निकले
फिर लौट कभी भी न आए

मनुष्य जीवन रिश्तों से जुड़ा हुआ है। रिश्तों के कारण ही मनुष्य जीवन में आगे बढ़ने की, सफलता पाने की, शिक्षित होने की, कार्य करने की इच्छा रखता है। यदि रिश्ते मधुर हों तो जीवन सुखमय व खुशहाल बन जाता है, किंतु रिश्तों में खटास आते ही व्यक्ति भी टूट जाता है। रिश्ता आखिर बिगड़ता क्यों है? इसके पीछे व्यक्ति का अहं, सोच व उसका व्यवहार ही ज़िम्मेदार होता है। मशहूर स्पीच थेरेपिस्ट बिल वाल्टन का मानना है कि रिश्तों को बिगाड़ने में 50 फीसद से ज़्यादा कारण असंयमित भाषा होती है। अध्यात्म और शांति के साथ कार्य करने वाले व्यक्तियों के रिश्ते बेहद सफल होते हैं। रिश्ते निभाना भी समझौतों का ही दूसरा नाम है। रिश्ते केवल खून के ही नहीं होते, भावनात्मक भी होते हैं। कई बार भावनात्मक रिश्ते अटूट बन जाते हैं, क्योंकि उनमें प्रेम, सामंजस्य, धैर्य, ईमानदारी का साथ होता है कहने का तात्प्रिय है समय,सेहत ,संबंध इन तीनों का आपस में अंतर्संबंध है इसलिए इनको बनाये रखना ही हमारे सफ़ल जीवन जीने की निशानी है ।

Photograph by Simarjeet Singh, English (Hons), Second Year

इतिहास का अध्ययन और अध्यापन: एक अवलोकन

उमेश झा, एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग
रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्याल

प्रस्तावना:

हमारी स्कूली शिक्षा में सबसे कम अहमियत इतिहास की शिक्षा को दी जाती है। आमतौर पर यह मानकर चला जाता है कि इतिहास एक पढ़ लिया गया विषय है और पढ़ने – पढ़ाने वाला विषय तो विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर भाषा एवं साहित्य आदि हैं जिसका आगे चलकर उपयोग होना है। इस "उपयोगितावादी" दृष्टि में इतिहास को एक ऐसा विषय मान लिया जाता है जो वर्तमान से बेखबर सुदूर अतीत को ढूंढने में या गड़े मुर्दे उखाड़ने में लगा हुआ है। एक ऐसा निर्जीव अतीत जिसका आज के आधुनिक तकनीकी युग में शायद ही कोई महत्व है। अमुमन यह माना जाता है कि इतिहास में अतीत के बारे में केवल सूचनाएं होती हैं जो महज रटने के लिए होती हैं और जिसका वास्तविक जीवन से कोई लेना–देना नहीं होता है। यह भी कहा जाता है कि होनहार विद्यार्थी को विज्ञान पढ़ना चाहिए इतिहास नहीं क्योंकि उसमें नौकरी मिलने की संभावना बहुत क्षीण होती है। हमारे अधिकतर अध्यापक, अभिभावक और अध्येता भी इतिहास के बारे में इसी भ्रांति से ग्रसित होते हैं। इसलिए स्कूल के स्तर पर और कालेज के स्तर पर भी इतिहास के अध्ययन के प्रति वो गंभीरता नहीं अपनाईं जाती जो अमूमन अन्य विषयों के अध्ययन के लिए अपनाई जाती है। इस आलेख का मुख्य उद्देश्य इतिहास के अध्ययन की स्थिति और उसकी उपयोगिता को स्पष्ट करना है।

क्या इतिहास का अध्ययन होना चाहिए:

'इतिहास' शब्द और विषय काफी पुराना है। इतना पुराना कि अक्सर लोग इससे ऊब जाते हैं। कुछ लोग इससे इस कदर उब चुके हैं कि कि वो एक 'जिन्न' की तरह इसे किसी गहरे तहखाने में तालाबंद कर देना चाहते हैं। "यान्त्रिक वर्चस्ववादी" मनोवृत्तियों के कारण उनके लिए यह सोचना आसान हो जाता है कि आज कि विराट मानवीय समस्याओं को समझने और उन्हें हल करने के लिए अतीत का अध्ययन आवश्यक नहीं है। कई लोग ऐसे भी हैं जो इसके विपरीत राय रखते हैं। उन्हें इतिहास एक दिलचस्प और मनोरंजक विषय लगता है। उनका मानना है कि इतिहास का अध्ययन होना चाहिए क्योंकि यह अतीत की "गौरवशाली परंपराओं" से हमें अवगत कराता है। परंतु उन्हें वही इतिहास वास्तविक लगता है जो "उनकी" गौरवशाली परम्पराओं को पुष्ट कर सके। ऐसे लोग कई बार अपने सैन्य दल–बल के साथ तब "धाबा" बोल देते हैं जब उन्हें लगता है कि अमुक "कृति" ने उनकी गौरवशाली परम्पराओं के साथ "खिलवाड़" किया है। ऐसी स्थिति में हम इतिहास का विस्तार वहां तक नहीं करते जहां हम उससे कुछ सीख सकें वल्कि हम अतीत को इस प्रकार से तोड़ते मरोड़ते हैं कि वह उस पूर्व निर्धारित अर्थ के साथ मेल करने लगे जिसे हम पहले से ही सोच रहे होते हैं।

क्या इतिहास का उपयोग होता है:

हमारे समाज में जहां शिक्षा से कुछ उपयोगी उद्देश्यों की पूर्ति की उम्मीद की जाती है वहां इतिहास के शिक्षण के उद्देश्यों को व्याख्यायित करना मेडिकल या इंजीनियरिंग के मुकाबले काफी कठिन है। वास्तव में इतिहास बहुत उपयोगी ही नहीं बल्कि अपरिहार्य विषय है, लेकिन इतिहास की उत्पादकता उतनी साफ नजर नहीं आती और अन्य विषयों के मुकाबले उसके परिणाम उतने स्पष्ट और त्वरित दिखाई नहीं पड़ते। वस्तुतः इतिहास का काम न तो केवल अतीत का गौरवगान करना है और न ही भविष्य का पथ–प्रदर्शक बनना। इतिहास के लिए यह आवश्यक है कि वह अतीत को महज एक गौरवगाथा के तौर पर न देखकर उसे मानव समाज की एक विकासमान प्रक्रिया के रूप में देखे। इस रूप में इतिहास दरअसल अतीत के यथार्थ को बयां करने की एक कला है। प्रसिद्ध इतिहासकार मार्क ब्लाख के शब्दों में कहें तो यह न तो घड़ी बनाने की कला है और न ही कैबिनेट बनाने की कला। वल्कि यह बेहतर समझदारी हासिल करने का एक प्रयास है और इसलिए एक गतिशील विषय है। इतिहास शिक्षण का उद्देश्य होता है परिवर्तन के साथ साथ निरंतरता को समझना, अर्थात समय के साथ समाज में आनेवाले परिवर्तन की प्रक्रिया को समझना। ऐतिहासिक धटनाओं के व्यक्ति और समाज पर पड़नेवाले प्रभावों को समझना और अतीत, वर्तमान एवं भविष्य के संबंधों को समझना। वास्तव में समय विशेष में मनुष्य और उसकी गतिविधि या मनुष्यों और उसकी गतिविधियों का अध्ययन करना ही इतिहास का प्रमुख कार्य होता है।

इतिहास संबंधी कार्य कैसे किये जाते हैं:

इतिहास अपने आप को बेहतर बनाने के लिए हमेशा अनुसंधान और जांच –पड़ताल करने पर जोर देती है। इसलिए इतिहास में कारणों की कल्पना नहीं की जा सकती वल्कि उसकी खोज की जाती है। कई दशक पहले प्रसिद्ध इतिहासकार ई. एच. कार ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "इतिहास क्या है" में इस मसले का बेहतरीन विश्लेषण किया था। उनके अनुसार इतिहास के अध्ययन एवं लेखन में इतिहासकार हमेशा तरह तरह के श्रोतों के बीच चयन करता है। किसी पुराने अभिलेखागार में दस्तावेजों के ढेरों की जांच पड़ताल कर इतिहासकार उन तथ्यों को नोट करता है जो उसे महत्वपूर्ण प्रतीत होते हैं। फिर वह अन्य स्थानों के अभिलेखागारों से प्रमाण इकट्ठा करता है और भिन्न–भिन्न तरह के प्रमाणों एवं तथ्यों के बीच

अन्तर्सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास करता है। वह न तो उन सभी चीजों को हूं बहू लिख सकता है जिसे उसने पढ़ा है और न ही वह हर प्रमाण का प्रयोग कर सकता है। जो प्रमाण उसे महत्वपूर्ण नहीं लगते उन्हें वह छोड़ देता है। बाद में कोई अन्य इतिहासकार उन्हीं श्रोतों को नए प्रश्नों के साथ पढता है। नये इतिहासकार को अब कुछ ऐसे प्रमाण मिलते हैं जिन्हें पहले महत्व नहीं दिया गया था। वे इन प्रमाणों की व्याख्या करते हैं, उन प्रमाणों के आधार पर नये अन्तर्सम्बन्ध स्थापित करते हैं और इस तरह से इतिहास की एक नई कृति उभरकर सामने आती है। वास्तव में चयन की यह प्रक्रिया इतिहास लेखन की एक अंतर्निहित प्रक्रिया है। और इस रूप में इतिहास अन्य विज्ञानों से निश्चय ही एक फर्क और अलग विषय है।

जहां वैज्ञानिक अपने सिद्धांतों के पक्ष में प्रयोग कर सकते हैं और उनके आधार पर आंकड़े निकाल सकते हैं वहीं इतिहासकार नई जानकारी के सृजन के लिए अतीत की परिस्थितियों में फेरबदल नहीं कर सकता। इसके बजाय वो प्रार्थमिक श्रोत की व्याख्या पर अपने तर्क को टिकाते हैं जो किसी एक धटना को अनेक दष्टियों से समझाने का काम करता है। इसलिए इतिहास पढ़ते समय हमें यह जरूर देखना चाहिए कि अमुक इतिहासकार कैसी धटनाओं के बारे में लिख रहा है और उसकी कैसे व्याख्या कर रहा है। शायद इसीलिए मार्क ब्लाख का यह कहना उचित है कि "इतिहास दरअसल अतीत और वर्तमान के बीच निरंतर चलने वाला संवाद है।

इतिहास की अंतर्वस्तुः

